डॉ. नीरज मित्तल, आईएएस, अध्यक्ष डीसीसी और सचिव (टी) ने आईटीआई लिमिटेड का दौरा किया।

डॉ. नीरज मित्तल, आईएएस, अध्यक्ष डीसीसी और सचिव (टी) के साथ श्री रवि ए रॉबर्ट जेरार्ड, डीडीजी (एसआरआई), श्री एस एस गलगल, डीडीजी (प्रौद्योगिकी), कर्नाटक एलएसए, दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार और डॉ. राजकुमार उपाध्याय, सीईओ, सी-डॉट ने 8 मार्च, 2024 को आईटीआई लिमिटेड का दौरा किया। डॉ. नीरज मित्तल और अधिकारियों को आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एव प्रबंध निदेशक, श्री राजेश राय, कार्यात्मक निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।

दौरे के दौरान, 4जी विनिर्माण हैंगर का उद्घाटन डॉ. नीरज मित्तल द्वारा आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजेश राय, निदेशक (वित्त), श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक (उत्पादन) एवं निदेशक-मानव संसाधन (अतिरिक्त प्रभार), श्रीमती एस जेयंति, निदेशक (विपणन), श्री सी वी रमण बाबू, महाप्रबंधक-बी, आईटीआई लिमिटेड बेंगलूरु प्लांट के इकाई प्रमुख और आईटीआई लिमिटेड बेंगलूरु प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

डॉ. नीरज मित्तल, डॉ. राजकुमार उपाध्याय, श्री रवि ए रॉबर्ट जेरार्ड और श्री एस एस गलगल जैसे अधिकारियों को एसएमटी लाइन, फैब्रिकेशन और मोल्डिंग, पाउडर कोटिंग, ईएमसी लैब, आर एंड डी, डाटा सेंटर और स्टार्टअप हब से संयंत्र की सुविधाओं का दौरा कराया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के हिस्से के रुप में, 08 मार्च, 2024 को आईटीआई लिमिटेड, बेंगलूरु प्लांट में डॉ. नीरज मित्तल, आईएएस, अध्यक्ष डीसीसी और सचिव (टी) और आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजेश राय द्वारा संगठन की महिला कर्मचारियों को संबोधित किया।

डॉ. नीरज मित्तल, डॉ. राजकुमार उपाध्याय, श्री रवि ए, रॉबर्ट जेरार्ड और श्री एस एस गलगल ने भी आईटीआई लिमिटेड निगमित कार्यालय का दौरा किया। डॉ. नीरज मित्तल ने कंपनी के प्रबंधन अधिकारियों के साथ चर्चा की।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजेश राय ने कंपनी का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उनकी यात्रा के दौरान कंपनी के प्रदर्शन पर प्रस्तुति भी दी गई।